# बिहार पुलिस (कॉंस्टेबिल) परीक्षा

1. उपभोक्ता कानून, 1986 क्यों अपनाया गया ?
   (A) उपभोक्ताओं को बेईमानी से बचाने के लिए
   (B) उपभोक्ताओं को सुरक्षा अधिकार प्राप्त कराने के लिए
   (C) ग्राहकों की शिकायतों का सरल, द्रुत और कम खर्च में निपटारा के लिए
   (D) उपर्युक्त सभी
2. 'शैशव' शब्द कौन-सा संज्ञा पद है ?
   (A) भाववाचक (B) जातिवाचक
   (C) व्यक्तिवाचक (D) इनमें से कोई नहीं
3. हीराकुड नदी परियोजना किस नदी पर है ?
   (A) महानदी (B) दामोदर नदी
   (C) गंगा नदी (D) कोसी नदी
4. निम्नलिखित में से कौन बायोमास ऊर्जा का उदाहरण नहीं है ?
   (A) लकड़ी (B) गोबर
   (C) परमाणु ऊर्जा (D) कोयला
5. कर्क रेखा निम्नलिखित में से किस राज्य से नहीं गुजरती है ?
   (A) राजस्थान (B) छत्तीसगढ़
   (C) ओडिशा (D) त्रिपुरा
6. KWH (किलोवाट आवर) किसकी इकाई है ?
   (A) त्वरण (B) वेग
   (C) शक्ति (D) ऊर्जा
7. भारत में प्रथम रेल टर्मिनस कौन है ?
   (A) बांद्रा टर्मिनस (B) बोरीबंदर
   (C) छत्रपति शिवाजी टर्मिनस
   (D) ठाणे रेलवे स्टेशन
8. लार्वा का कुछ परिवर्तनों के जरिये वयस्क में बदलने की प्रक्रिया क्या कहलाती है ?
   (A) वृद्धि (B) कायान्तरण
   (C) (A) और (B) दोनों
   (D) इनमें से कोई नहीं
9. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के सन्दर्भ में डंपिंग का क्या अर्थ है ?
   (A) माल को केवल सस्ती कीमतों पर पुनः आयात करने के लिए निर्यात करना
   (B) अवर गुणवत्ता के सामानों का निर्यात करना
   (C) उत्पादन की वास्तविक लागत से कम या उसके घरेलू बाजार के मूल्य के नीचे की कीमतों पर निर्यात करना
   (D) कर भुगतान किए बिना निर्यात करना
10. बौद्ध धर्म के संस्थापक कौन थे ?
    (A) महावीर (B) गुरुनानक
    (C) गौतम बुद्ध (D) कबीर
11. "Male Looks Pretty."
    Give the correct Antonym of the word 'Pretty' as used in the above sentence.
    (A) Sine (B) Rough
    (C) Ugly (D) Tough
12. भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने के लिए भारत सरकार का कौन-सा संगठन है ?
    (A) केन्द्रीय सतर्कता आयोग
    (B) उच्चतम न्यायालय
    (C) नौकरशाही
    (D) केन्द्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई)
13. परमाणु ऊर्जा प्राप्त करने के लिए निम्न में से किसका प्रयोग किया जाता है ?
    (A) कॉपर (B) यूरेनियम
    (C) कोयला (D) बॉक्साइट
14. वनों के वितरण को दिखाने वाला मानचित्र कौन-सा है ?
    (A) प्रयोगात्मक (B) राजनैतिक
    (C) थिमैटिक (D) भौतिक
15. आर्यभट्ट एक महान ............ थे।
    (A) राजनीतिज्ञ
    (B) खगोलशास्त्री एवं गणितज्ञ
    (C) प्रशासक (D) इनमें से कोई नहीं
16. यदि $\frac{M}{2} - 2 = 6$, तो M = ?
    (A) 14 (B) 17
    (C) 15 (D) 16
17. 'अधिकरण' कारक के चिह्न हैं ?
    (A) से (B) का, के, की
    (C) में, पै, पर (D) को, के लिए
18. यदि किसी तत्व की परमाणु संख्या 16 और द्रव्यमान संख्या 32 हो, तो न्यूट्रॉनों की संख्या कितनी होगी ?
    (A) 48 (B) 32
    (C) 16 (D) 8
19. Fill in the blank :
    He travels .............. car.
    (A) by (B) with
    (C) at (D) on
20. निम्न में से कौन-सा शून्य को नहीं दर्शाता है ?
    (A) $\frac{2}{0}$ (B) $1 \times 0$
    (C) $0 \times 0$ (D) $\frac{10-10}{2}$
21. 'पढ़ना' शब्द किस प्रकार की क्रिया है ?
    (A) सकर्मक (B) द्विकर्मक
    (C) अकर्मक (D) इनमें से कोई नहीं
22. भारत में रबड़ का उत्पादन करने वाला अग्रणी राज्य है–
    (A) जम्मू एवं कश्मीर
    (B) बिहार
    (C) केरल (D) राजस्थान
23. "परमाणु के केन्द्र के चारों ओर इलेक्ट्रॉन बिना ऊर्जा खोए वृत्ताकार पथ पर घूमता है।" यह किसने कहा ?
    (A) बोहर (B) चैडविक
    (C) रॉन्टजन (D) रदरफोर्ड
24. $(a+b)^2 + (a-b)^2$ का मान होगा–
    (A) $2a^2 - 2b^2$ (B) $2(a-b)$
    (C) $2(a^2+b^2)$ (D) $2a+2b$
25. समीकरण $V = u + at$ क्या जानकारी देता है ?
    (A) वेग स्थिति (Position) का एक फंक्शन है
    (B) वेग समय का एक फंक्शन है
    (C) वेग स्थिति एवं समय का एक फंक्शन है
    (D) स्थिति समय का एक फंक्शन है
26. "राजनीति कभी धर्म से अलग नहीं हो सकती।" यह किसने कहा था ?
    (A) नेहरू (B) जाकिर हुसैन
    (C) महात्मा गाँधी (D) इन्दिरा गाँधी
27. लोकतंत्र का सबसे बुनियादी परिणाम है–
    (A) नागरिकों के प्रति जवाबदेही
    (B) महत्वपूर्ण निर्णय लेना
    (C) शक्तिशाली शासन
    (D) इनमें से कोई नहीं
28. भारतीय अर्थव्यवस्था में परिवहन का सर्वप्रमुख साधन कौन है ?
    (A) राजमार्ग (B) जलमार्ग
    (C) रेलवे (D) एयरवेज
29. 'पयोधि' शब्द निम्न में किसका पर्यायवाची है ?
    (A) वारि (B) समुद्र
    (C) दूध (D) अमृत
30. निम्न में से सही कथन है–
    (A) तेल पानी में मिल जाता है
    (B) स्टील पानी में घुलनशील है
    (C) पत्थर पारदर्शी और काँच अपारदर्शी है
    (D) चीनी पानी में घुलनशील है

31. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य हैं-
(A) फ्रांस, रूस, जापान, चीन और भारत
(B) श्रीलंका, बांग्लादेश, फ्रांस, चीन और जापान
(C) भारत, पाकिस्तान, चीन, अमेरिका और श्रीलंका
(D) संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, यूके, फ्रांस और चीन

32. GST लागू करने वाला पहला राज्य कौन है ?
(A) महाराष्ट्र (B) असम
(C) दिल्ली (D) तमिलनाडु

33. संस्कृत के जो शब्द मूल रूप से हिन्दी में प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें कहते हैं-
(A) तत्सम (B) तद्भव
(C) देशज (D) इनमें से कोई नहीं

34. हिन्दी साहित्य का सबसे प्रसिद्ध उपन्यासकार किसे माना जाता है ?
(A) महादेवी वर्मा (B) दिनकर
(C) सुभद्राकुमारी चौहान
(D) मुंशी प्रेमचंद

35. अगर घनाभाकार डिब्बे की लम्बाई $2ab$, चौड़ाई $3ac$ और ऊँचाई $2ac$ है, तो उसका आयतन क्या होगा ?
(A) $12a^3bc^2$ (B) $12a^2bc$
(C) $12a^3bc$ (D) इनमें से कोई नहीं

36. 'दास कैपिटल' पुस्तक का लेखक कौन है ?
(A) रूसो (B) कार्ल मार्क्स
(C) गुटेनबर्ग (D) टॉलस्टॉय

37. अमरबेल किसका उदाहरण है ?
(A) स्वपोषक (B) परपोषक
(C) परजीवी (D) इनमें से कोई नहीं

38. ब्रिटिश शासन के दौरान भारतीय हस्तशिल्पों के ह्रास का प्रमुख कारण रहा-
(A) कम कीमत वाली मशीनों का विकास
(B) भेदभावपूर्ण टैरिफ नीति
(C) दोनों (A) और (B)
(D) न तो (A) और न (B)

39. वसीय पदार्थ ज्यादा खाने से क्या होता है ?
(A) मोटापा (B) कमजोरी
(C) वजन में कमी (D) उपर्युक्त सभी

40. शिक्षा का अधिकार अधिनियम कब लागू हुआ ?
(A) 2005 ई. (B) 4 अगस्त, 2009
(C) 2004 ई. (D) 1990 ई.

41. तीन ओर से घिरे भू-भाग को क्या कहा जाता है ?
(A) तट (B) द्वीप
(C) प्रायद्वीप (D) इनमें से कोई नहीं

42. निम्नलिखित में से कौन-सा किसानों के लिए कल्याणकारी योजना नहीं है ?
(A) किसान क्रेडिट कार्ड योजना
(B) एस.एच.जी. बैंक लिंकेज कार्यक्रम
(C) राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना
(D) कर्मचारी रेफरल योजना

43. वह गुण, जिस कारण कोई पदार्थ वायुमंडल से नमी सोख लेता है, कहलाता है-
(A) निर्जलीकरण (B) प्रस्वेदन
(C) निथारना (D) आस्वन

44. Change the noun 'Application' into its verb form:
(A) Applicant (B) Appliance
(C) Applicable (D) Apply

45. Find the suitable Adjective of the given word :
**AFFECTION**
(A) Affectionate (B) Affect
(C) Affectionately (D) Affecting

46. वृद्धि का सही विलोम है-
(A) अति वृद्धि (B) अवृद्धि
(C) अल्पवृद्धि (D) क्षय

47. Fill in the blanks with suitable Gerund:
I am averse to ............. .
(A) drink (B) drank
(C) be drunk (D) drinking

48. Fill in the blanks with right infinitive :
It is not easy ............. all people.
(A) please (B) pleasing
(C) to be pleased (D) to please

49. निम्न में से कौन-सी एक अधातु है ?
(A) Co (B) Fe
(C) F (D) Na

50. 'त' का उच्चारण होता है-
(A) कंठ से (B) दाँत से
(C) तालू से (D) मूर्धा से

51. भारत की सबसे पुरानी पर्वत शृंखला कौन है ?
(A) वेस्टर्न घाट (B) अरावली
(C) हिमालय (D) सतपुड़ा

52. किसान कॉल सेंटर का शुभारंभ कब हुआ था ?
(A) जुलाई, 2000 (B) मार्च, 2002
(C) मार्च, 2004 (D) 21 जनवरी, 2004

53. हिमालय के सबसे दक्षिणी भाग को क्या कहा जाता है ?
(A) शिवालिक (B) हिमाद्री
(C) हिमालय (D) त्रिकूट

54. एक आदर्श ईंधन वह है, जो-
(A) सस्ता हो
(B) कम प्रदूषण फैलाने वाला हो
(C) उच्च ऊष्मीय मान वाला हो
(D) उपर्युक्त सभी

55. हिन्दी भाषा में व्यंजनों की कुल संख्या है-
(A) 35 (B) 33
(C) 45 (D) 55

56. "बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाएँ आधुनिक भारत के मंदिर हैं।" यह किसने कहा था ?
(A) महात्मा गाँधी (B) इन्दिरा गाँधी
(C) पण्डित जवाहरलाल नेहरू
(D) इनमें से कोई नहीं

57. पौधे प्रकाश संश्लेषण के दौरान कौन-सी गैस मुक्त करते हैं ?
(A) कार्बन डाइऑक्साइड
(B) नाइट्रोजन
(C) मिथेन (D) ऑक्सीजन

58. एग्रोस्टॉलॉजी (Agrostology) के अन्तर्गत किसका अध्ययन किया जाता है ?
(A) कृषि विज्ञान (B) पादप
(C) घास (D) निमेटोड्स

59. पानी को रोगाणु मुक्त करने के लिए किस रसायन का उपयोग किया जाता है ?
(A) क्लोरिन (B) ओजोन
(C) कैल्सियम ऑक्साइड
(D) इनमें से कोई नहीं

60. यीस्ट (Yeast) के द्वारा शर्करा का एल्कोहल में परिवर्तन कहलाता है-
(A) किण्वन (B) पाश्च्यूरीकरण
(C) अल्कोहलियम (D) उपर्युक्त सभी

61. दक्षिण पश्चिम मानसून में हवा किस ओर बहती है ?
(A) भूमि से समुद्र की ओर
(B) समुद्र से भूमि की ओर
(C) कभी भूमि से समुद्र की ओर, कभी समुद्र से भूमि की ओर
(D) इनमें से कोई नहीं

62. मानव खोपड़ी में हड्डियों की संख्या कितनी होती है ?
(A) 16 (B) 20
(C) 29 (D) 22

63. 9.8 किग्रा. को ग्राम में बदलें-
(A) 98000 ग्राम (B) 9800 ग्राम
(C) 980 ग्राम (D) 0.98 ग्राम

64. प्रतिरोध का SI मात्रक होता है-
(A) कैण्डेला (B) हेनरी
(C) वोल्ट (D) ओम

65. 'भरपेट' में कौन-सा समास है ?
(A) अव्ययीभाव (B) द्विगु
(C) द्वन्द्व (D) बहुव्रीहि

66. निम्नलिखित कौन-सा देश गंगा को साफ करने में अहम भूमि का निभा रहा है ?
(A) जर्मनी (B) जापान
(C) दक्षिण कोरिया (D) ब्रिटेन

67. 'कवि' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है ?
(A) कवित्री (B) कवियत्री
(C) कवयित्री (D) कविनु

68. पोलियो और चेचक रोग होता है–
(A) जीवाणुओं के संक्रमण के कारण
(B) प्रोटोजोअन संक्रमण के कारण
(C) एलर्जी के कारण
(D) विषाणुओं (वायरस) के संक्रमण के कारण

69. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य है–
(A) मध्य प्रदेश (B) राजस्थान
(C) महाराष्ट्र (D) उत्तर प्रदेश

70. पौधों में जल का परिवहन होता है–
(A) जाइलम द्वारा (B) फ्लोएम द्वारा
(C) तना द्वारा (D) पुष्पों के द्वारा

71. Find the correct Adverb form of 'Affection'.
(A) Affectionate (B) Affect
(C) Affectionately (D) Affluent

72. मीथेन ($CH_4$) में किस प्रकार का बंध (Bond) है ?
(A) एकल (B) डबल
(C) ट्रिपल (D) इनमें से कोई नहीं

73. Find the Plural form of the word 'Thief'.
(A) Thiefs (B) Thiefes
(C) Thives (D) Thieves

74. किसी व्यक्ति के पास 2000 रुपये हैं। यदि वह इनमें से 300 रुपये खर्च करता है, तो वह कितने प्रतिशत खर्च कर लेता है ?
(A) 20 (B) 15
(C) 10 (D) 35

75. यदि एक वस्तु को 1000 रुपये में खरीदकर 1200 रुपये में बेचा जाता है, तो उसका लाभ प्रतिशत है ?
(A) 20 (B) 25
(C) 30 (D) 35

76. निम्नलिखित में से कौन अरब सागर में स्थित द्वीप समूह है ?
(A) अंडमान-निकोबार द्वीप समूह
(B) लक्षद्वीप
(C) ग्रीनलैंड (D) न्यू गिनी

77. बस के अचानक रुक जाने की स्थिति में बस में सवार यात्री आगे की ओर झुक जाते हैं। ऐसा न्यूटन के किस नियम के चलते होता है ?
(A) गति के प्रथम नियम
(B) गति के द्वितीय नियम
(C) गति के तृतीय नियम
(D) गुरुत्वाकर्षण नियम

78. राम ने एक साइकिल 1000 रुपये में खरीदकर 1300 रुपये में बेच दी। उसे कितने प्रतिशत का लाभ हुआ ?
(A) 20 (B) 15
(C) 30 (D) 35

79. निम्नलिखित में से किसमें साइट्रिक एसिड प्रचुरता से पाया जाता है ?
(A) दही (B) सिरका
(C) केला (D) नींबू

80. 'परिधि' शब्द का समानार्थी है–
(A) क्षेत्रफल (B) परिमाप
(C) प्रकार (D) इनमें से कोई नहीं

81. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी अरब सागर में गिरती है ?
(A) नर्मदा (B) महानदी
(C) कावेरी (D) गोदावरी

82. फारेनहाइट पैमाने का पाठ्यांक, सेल्सियस पैमाने के किस तापमान पर 5 गुना पाठ्यांक होगा ?
(A) 10°C (B) 25°C
(C) 38°C (D) -40°C

83. यदि लोलक की लंबाई दुगो कर दी जाये, तो उसके आवर्तकाल पर क्या प्रभाव पड़ेगा?
(A) यह भी दुगा हो जायेगा
(B) यह 1/4 हो जायेगा
(C) यह $\sqrt{2}$ गुना हो जायेगा
(D) यह परिवर्तित नहीं होगा

84. चिकित्सा के रूप में एक्स-रे का प्रयोग निम्नलिखित में से किस प्रकार की बीमारी के लिए किया जा सकता है ?
(A) मनोवैज्ञानिक (B) विकृतिजन्य
(C) कैंसर (D) हृदय वाहिक

85. जिसके नीचे पदार्थ ठण्डा नहीं हो सकता, वह न्यूनतम संभावित तापमान है–
(A) -98.10°C (B) -100.00°C
(C) -273.15°C (D) -459.40°C

86. एक आदमी जो भट्टी के सामने खड़ा है, निम्न द्वारा अधिक-से-अधिक ऊष्मा प्राप्त करता है–
(A) संवहन (B) चालक
(C) विकिरण (D) चालक तथा संवहन

87. कुकिंग गैस में 90% से अधिक होता है–
(A) हीलियम
(B) सल्फर डाइऑक्साइड
(C) हाइड्रोजन (D) ब्यूटेन

88. किस अम्ल से दूध में खट्टापन पैदा होता है ?
(A) टार्टरिक अम्ल (B) लैक्टिक अम्ल
(C) ब्यूटीरिक अम्ल (D) ऐसीटिक अम्ल

89. 18 कैरेट सोना में शुद्ध स्वर्ण की प्रतिशतता कितनी है ?
(A) 100% (B) 80%
(C) 75% (D) 60%

90. निम्नलिखित में से किसे 'भारी जल' कहा जाता है ?
(A) बर्फ
(B) ड्यूटेरियम ऑक्साइड
(C) आसुत जल (D) इनमें से कोई नहीं

91. गंदे सार्वजनिक मूत्रालय में से निम्न गैस निकलती है–
(A) अमोनिया (B) क्लोरीन
(C) सल्फर डाइऑक्साइड
(D) कार्बन मोनोक्साइड

92. लाफिंग गैस है–
(A) नाइट्रस ऑक्साइड
(B) नाइट्रोजन पेंटाक्साइड
(C) नाइट्रिक ऑक्साइड
(D) नाइट्रोजन ट्राइऑक्साइड

93. प्लास्टर ऑफ पेरिस के सेट होने की प्रक्रिया में क्या होता है ?
(A) अन्य हाइड्रेट्स के बनने का हाइड्रेशन
(B) डीहाइड्रेशन प्रक्रिया
(C) ऑक्सीडेशन (D) रिडक्शन

94. NaOH सूत्र वाले एक यौगिक (कम्पाउन्ड) का सामान्य नाम क्या है ?
(A) कास्टिक सोडा (B) बेकिंग सोडा
(C) सोडा एश (D) पोटाश

95. जिसमें वस्तु की अपेक्षा प्रतिबिम्ब बड़ा दिखाई देता है, वह दर्पण है–
(A) उत्तल दर्पण (B) अवतल दर्पण
(C) समतल दर्पण (D) समतोतल दर्पण

96. कुछ सीमा तक वस्तुओं की सभी आकृतियाँ संपीडित की जा सकती हैं, यह विशेषता कहलाती है–
(A) तीक्ष्णता (B) तन्यता
(C) प्रत्यास्थता (D) सघनता

97. स्वास्थ्य के लिए सबसे अधिक उपयुक्त आर्द्रता है–
(A) 50% (B) 25%
(C) 0% (D) 75%

98. ताप के मापने की इकाई है–
(A) सेल्सियस (B) कैलोरी
(C) तापक्रम (D) इनमें से कोई नहीं

99. निम्नलिखित में से किस तत्व के लवण प्रायः नीले रंग के होते हैं ?
(A) Cr (B) Fe
(C) Zn (D) Cu

100. निम्नलिखित में से किसमें कार्बन की प्रतिशतता सबसे कम है ?
(A) मृदु इस्पात (B) नरम इस्पात
(C) कठोर इस्पात (D) पिटवाँ इस्पात